# Daily Current Affairs

**Date : 25 August, 2025**

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | HPCL राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड : पचपदरा |
| 2. | राजस्थान में ड्रोन खतरों से निपटने के लिए ड्रोन जैमिंग गन की तैनाती |
| 3. | ह्यूमन पेपिलोमावायरस (HPV) की स्क्रीनिंग |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ई-स्वास्थ्य विद्या प्लेटफार्म<br>2. डेजर्ट क्वेस्ट 3.0<br>3. राज्य स्तरीय छठी योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप-2025<br>4. 24वीं राज्य योगा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप : भीलवाड़ा<br>5. कैराकल बिल्ली<br>6. तत्काल न्याय प्रदान करना: पूर्व जज की यादें (पुस्तक) |
| 5. | 68वाँ राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन 2025 |
| 6. | गगनयान मिशन : पहला एयर ड्रॉप टेस्ट (IADT-01) |
| 7. | एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (IADWS) |
| 8. | नए आपदा प्रबंधन तकनीकी प्लेटफ़ॉर्म का शुभारंभ |
| 9. | अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप: योजनाएँ और प्रोत्साहन |
| 10. | मिशन मौसम और प्रोजेक्ट मौसम |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 11. | शेंद्रा-बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र (एयूआरआईसी) |
| 12. | कृषि उत्पादकता को बढ़ाना |
| 13. | पहला खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल (KIWSF) |
| 14. | अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 |
| 15. | 16 वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 : अनंतजीत सिंह नरुका |
| 16. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. गगनयात्रियों का सम्मान<br>2. अनीश दयाल सिंह<br>3. पट्ट ग्रामम / संगीत ग्राम : वालमुट्टी गाँव (केरल)<br>4. रामबाई<br>5. CISF की पहली महिला कमांडो इकाई<br>6. अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव, 2025 की मेजबानी : श्रीलंका<br>7. किलाउआ ज्वालामुखी : हवाई द्वीप<br>8. सर्जियो गोर |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## HPCL राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड : पचपदरा

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बालोतरा जिले के पचपदरा स्थित HPCL राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (HRRL) का निरीक्षण किया।**

HRRL
एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड
HPCL Rajasthan Refinery Limited

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **इस अवसर पर मुख्यमंत्री व केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री द्वारा RMCR परिसर में ऑपरेटर प्रशिक्षण सिम्युलेटर का शुभारंभ किया गया।**
- **HPCL राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (HRRL) को 18 सितंबर, 2013 को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) और राजस्थान सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में क्रमशः 74 प्रतिशत और 26 प्रतिशत की इक्विटी भागीदारी के साथ शुरू किया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **परियोजना को स्वीकृति :** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा दिनांक 09 अक्टूबर, 2017 को।
- यह BS-6 मानक वाली देश की प्रथम ऐसी परियोजना है, जिसमें रिफायनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का सम्मिश्रण है।
- इस रिफाइनरी की क्षमता 9 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (MMTPA) है, जिसमें 2.4 MMTPA पेट्रोकेमिकल उत्पाद शामिल हैं।
- राजस्थान रिफाइनरी परियोजना में आयातित कच्चे तेल (7.5 MMTPA) के साथ-साथ राजस्थान में उत्पादित क्रूड ऑयल (1.5 MMTPA) को भी संसाधित (Processed) किया जा सकेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में ड्रोन खतरों से निपटने के लिए ड्रोन जैमिंग गन की तैनाती

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान में स्थित भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के खतरों से निपटने के लिए ड्रोन जैमिंग गन तैनात की जाएगी।




## मुख्य बिन्दु :

- **उद्देश्य :** अवैध मादक पदार्थों की सीमापारीय तस्करी को रोकना, भारतीय सुरक्षा के लिए संदिग्ध ड्रोन्स को निष्क्रिय करना।
- **विकास :** पूर्णरूप से स्वदेशी इस गन का विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा किया गया है।
- यह ड्रोन जैमिंग गन पाकिस्तान से आने वाले हर तरह के ड्रोन की फ्रीक्वेंसी को 2.5 किमी. दूर से हवा में 10 सेकंड में ही जाम कर देगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- वर्तमान में राजस्थान से सटी अन्तरराष्ट्रीय सीमा पर मादक पदार्थों; जैसे - हेरोइन की तस्करी सीमा सुरक्षा बल के लिए बड़ी चुनौती है, जहाँ सालाना 500 करोड़ की हेरोइन पकड़ी जाती है।
- ड्रोन जैमिंग गन को प्रायोगिक तौर पर श्री गंगानगर सेक्टर को दी गई है।
- **कार्यप्रणाली :** ड्रोन जैमिंग गन एक पोर्टेबल काउंटर-UAS (मानवरहित हवाई प्रणाली) उपकरण है, जिसे राइफल या पिस्तौल शैली के फॉर्म फैक्टर के साथ डिजाइन किया जाता है। इसमें दिशात्मक एंटेना लगा होता है, जो पॉइंट-एंड-शूट क्षमता प्रदान करता है। यह बंदूक शक्तिशाली विद्युतचुंबकीय तरंगें उत्सर्जित करती है, जो 2.5 किलोमीटर की परिधि में उड़ रहे ड्रोन की फ्रीक्वेंसी को मात्र 10 सेकंड में जाम कर सकती है। इस तकनीक का उपयोग नियंत्रित हवाई क्षेत्रों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जा सकता है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**राजस्थान की अंतरराष्ट्रीय सीमा:**

- **नाम :** सर सिरिल रेडक्लिफ लाइन।
- **निर्धारण:** 14 अगस्त, 1947
- **विस्तार:** हिन्दुमलकोट (श्री गंगानगर) से बाखासर/शाहगढ़ (बाड़मेर) तक।
- **राजस्थान की कुल सीमा में अंतरराष्ट्रीय सीमा का योगदान:** 18 प्रतिशत (1070 किमी.)
- **अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित जिले :** श्री गंगानगर, बीकानेर, फलौदी, जैसलमेर और बाड़मेर।
- **अन्तरराष्ट्रीय सीमा पर निकटतम जिला मुख्यालय –** श्री गंगानगर।
- **अन्तरराष्ट्रीय सीमा पर सर्वाधिक दूरी पर स्थित मुख्यालय –** बीकानेर।
- **अन्तरराष्ट्रीय सीमा से सर्वाधिक दूरी पर स्थित जिला मुख्यालय –** धौलपुर।
- श्रीगंगानगर और बाड़मेर ऐसे जिले हैं जो अंतरराष्ट्रीय तथा अंतरराज्यीय दोनों सीमाओं पर स्थित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**D4 (ड्रोन डिटेक्ट, डिटर, डिस्ट्रॉय) सिस्टम:**

- **सीमापारीय मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी की रोकथाम हेतु राजस्थान से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 'D4 एंटी-ड्रोन सिस्टम' की तैनाती की जाएगी।**
- **ड्रोन डिटेक्ट, डिटर एंड डिस्ट्रॉय सिस्टम (D4S) भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने वाला पहला स्वदेशी रूप से विकसित एंटी-ड्रोन सिस्टम है।**
- **विकास - रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) तथा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) द्वारा।**
- **यह 3 किमी. तक की दूरी पर माइक्रो-ड्रोन का पता लगा सकता है और उसे जाम कर सकता है।**
- **यह सिस्टम हवा में तीन किलोमीटर के दायरे में 360 डिग्री कवरेज देने में सक्षम है।**
- **राजस्थान के अलावा इस ड्रोन सिस्टम को जम्मू-कश्मीर और पंजाब से लगती पाकिस्तान की सीमा पर भी स्थापित किया जाएगा।**


CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ह्यूमन पेपिलोमावायरस (HPV) की स्क्रीनिंग

## चर्चा में क्यों?

- **सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर के वायरोलॉजी विभाग की ओर से 1 सितंबर, 2025 से जयपुर सहित अजमेर, बीकानेर, दौसा और नीमकाथाना के राजकीय अस्पतालों में आने वाली महिलाओं की ह्यूमन पेपिलोमावायरस संक्रमण की स्क्रीनिंग की जाएगी।**




## मुख्य बिन्दु :

- **वायरोलॉजी विभाग की ओर से यह स्क्रीनिंग पॉलीमरेज़ चेन रिएक्शन (PCR) तकनीक से की जाएगी, जिससे सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी का शुरुआती चरण में ही पता लगाया जा सकेगा।**
- **पॉलीमरेज़ चेन रिएक्शन : पॉलीमरेज़ चेन रिएक्शन (PCR) एक प्रयोगशाला तकनीक है, जिसके ज़रिए DNA (Deoxyribonucleic Acid) के एक विशिष्ट खंड की लाखों से अरबों प्रतियाँ तेज़ी से प्रवर्धित की जाती हैं। इन प्रवर्धित प्रतियों का विस्तार से अध्ययन किया जा सकता है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- PCR में प्रवर्धित किए जाने वाले जीनोम के एक खंड का चयन करने के लिए प्राइमर नामक छोटे सिंथेटिक DNA अंशों का उपयोग किया जाता है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**ह्यूमन पेपिलोमावायरस (HPV):**

- HPV 200 से ज़्यादा संबंधित विषाणुओं का एक समूह है, जिनमें से 40 से ज़्यादा सीधे यौन संपर्क के ज़रिए फैलते हैं।
- विश्व भर में 95 प्रतिशत से ज़्यादा सर्वाइकल कैंसर HPV वायरस के कारण होता है।
- **संचरण:** यह सबसे आम यौन संचारित संक्रमण (STI) है, जो त्वचा से त्वचा के संपर्क से भी फैलता है।
- अधिकतर मामलों में, शरीर HPV का पता लगाकर उसे बाहर निकाल सकता है लेकिन अगर वायरस लंबे समय तक शरीर में रहता है, तो यह कैंसर का कारण बन सकता है।
- HPV टीका 9 से 26 वर्ष की आयु तक लगाया जाए तो अधिक प्रभावी होता है। गर्भावस्था के दौरान HPV टीका नहीं दिया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **ई-स्वास्थ्य विद्या प्लेटफार्म**<br>♦ हाल ही में, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय ने संबद्धता प्राप्त संस्थानों के छात्र-छात्राओं के लिए 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' की तर्ज पर 'ई-स्वास्थ्य विद्या प्लेटफार्म' की शुरुआत की।<br>♦ इस प्लेटफार्म के प्रथम चरण में MBBS और BDS के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।<br>♦ **कोर्स अवधि :** 40 घंटे, एक वर्ष में 4 बार परीक्षा होगी तथा कोर्स करने वालों को दो क्रेडिट अंक मिलेंगे। |
| 2. | **डेजर्ट क्वेस्ट 3.0**<br>♦ हाल ही में, जयपुर में 'डेजर्ट क्वेस्ट 3.0' का आयोजन किया गया।<br>♦ इसकी शुरुआत कूकस से हुई तथा 580 किलोमीटर की ऑफ-रोड रैली रामगढ़ नदी, अचरोल रिवरबेड, रींगस और कई कठिन ऑफ-रोड ट्रेल्स पर गई।<br>♦ इस रैली में 'हैरियर.ev QWD' एशिया की पहली इलेक्ट्रिक SUV बनी जिसने 573 किलोमीटर लंबी डेजर्ट रैली पूरी की। इस उपलब्धि को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| 3. | **राज्य स्तरीय छठी योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप-2025**<br>♦ राजस्थान स्टेट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन सोसाइटी एवं राजस्थान विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में 23 से 25 अगस्त, 2025 तक 28 से 55 वर्ष वर्ग के लिए राज्य स्तरीय छठी योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप-2025 का आयोजन किया गया।<br>♦ **आयोजन स्थल :** एग्रीकल्चर महाविद्यालय, राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर। |
|---|---|
| 4. | **24वीं राज्य योगा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप : भीलवाड़ा**<br>♦ योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में भीलवाड़ा में 24वीं राज्य योगा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया।<br>♦ **8 से 10 वर्ष आयु वर्ग (बालक) :** स्वर्ण पदक हृदयान्श जैन, रजत पदक शिव ग्रोवर और कांस्य पदक पियूष सिंह लोधा ने जीता।<br>♦ **8 से 10 वर्ष आयु वर्ग (बालिका) :** स्वर्ण पदक डेल्जा कंवर, रजत पदक राधिका और कांस्य पदक ऋद्धि शर्मा।<br>♦ **10 से 12 वर्ष आयु वर्ग (बालक) :** स्वर्ण पदक कृष्ण कुमार जोशी, रजत पदक आदित्य कुमार और कांस्य पदक अमित।<br>♦ **10 से 12 वर्ष आयु वर्ग (बालिका) :** स्वर्ण पदक सागरिका सिंह परिहार, रजत पदक छमा व कांस्य पदक परिनिधि। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 5. | **कैराकल बिल्ली**<br>♦ हाल ही में, विलुप्तप्राय कैराकल बिल्ली धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व में देखी गई। |
| 6. | **तत्काल न्याय प्रदान करनाः पूर्व जज की यादें (पुस्तक)**<br>♦ केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने हाल ही में पूर्व न्यायाधीश गणपत सिंह भंडारी द्वारा लिखित पुस्तक 'तत्काल न्याय प्रदान करनाः पूर्व जज की यादें' का विमोचन किया। |

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## 68वाँ राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन 2025

### चर्चा में क्यों?

- **24 अगस्त, 2025 को लोकसभा अध्यक्ष ने दिल्ली में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के संबंध में एक अंतर-मंत्रालयी बैठक की अध्यक्षता की।**




### मुख्य बिन्दु :

**68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन :**

- **आयोजन : 5 से 12 अक्तूबर, 2025 तक ब्रिजटाउन, बारबाडोस में आयोजित किया जाएगा।**
- **भारतीय संसदीय शिष्टमंडल : नेतृत्व ; लोकसभा अध्यक्ष, शामिल सदस्य : राज्यसभा के उपसभापति, 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी और सचिव राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (CPA) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।**
- **लोकसभा अध्यक्ष 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की आम सभा को 'राष्ट्रमंडल: ग्लोबल पार्टनर ' विषय पर संबोधित करेंगे।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## गगनयान मिशन : पहला एयर ड्रॉप टेस्ट (IADT-01)

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **परीक्षण :** 24 अगस्त, 2025 को इसरो ने गगनयान मिशन के तहत पहले इंटिग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट (IADT-01) का परीक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया।



➲ **मुख्य बिन्दु:**

- **परीक्षण स्थल :** श्रीहरिकोटा, आंध्रप्रदेश।
- **सहयोग :** वायु सेना, DRDO, नौसेना और तटरक्षक बल के सहयोग से।

**इंटिग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट :**

- इसमें पैराशूट आधारित डिक्लेरेशन सिस्टम की जांच की गई, ताकि अंतरिक्ष से लौटते समय अंतरिक्ष यात्रियों की लैंडिंग सुरक्षित हो सके।
- क्रू मॉड्यूल को वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर के जरिए 4 किमी की ऊंचाई से गिराया गया।
- पानी से क्रू मॉड्यूल को तट पर लाया गया।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **गगनयान मिशन : पृथ्वी** की 400 किमी पर स्थित निचली कक्षा में 3 अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा। इसके पश्चात् पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी कराई जाएगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (IADWS)

## चर्चा में क्यों?

- 23 अगस्त, 2025 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा की चांदीपुर रेंज से एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (IADWS) का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया।



## मुख्य बिन्दु:

### एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (IADWS) :

- यह एक बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली है, जिसमें सभी स्वदेशी त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (QRSAM), उन्नत अति लघु दूरी वायु रक्षा प्रणाली (VSHORADS) मिसाइलें और एक उच्च शक्ति लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार (DEW) शामिल हैं।
- सभी हथियार प्रणाली घटकों को एकीकृत संचालन रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला द्वारा विकसित एक केंद्रीकृत कमान व नियंत्रण केंद्र द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जो इस परीक्षण से जुड़े विकास कार्यक्रम की नोडल प्रयोगशाला है।
- VSHORADS को रिसर्च सेंटर इमारत और DEW को सेंटर फॉर हाई एनर्जी सिस्टम्स एंड साइंसेज द्वारा विकसित किया गया है।
- **परीक्षण :** उड़ान परीक्षणों के दौरान, दो उच्च गति वाले फिक्स्ड विंग मानवरहित हवाई लक्ष्यों और एक मल्टी-कॉप्टर ड्रोन सहित तीन अलग-अलग लक्ष्यों को एक साथ QRSAM, VSHORADS तथा उच्च ऊर्जा लेजर हथियार प्रणाली द्वारा अलग-अलग दूरी एवं ऊंचाई पर निशाना बनाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नए आपदा प्रबंधन तकनीकी प्लेटफ़ॉर्म का शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

- **20 अगस्त, 2025 को गृह मंत्रालय के राज्य मंत्री ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में एकीकृत नियंत्रण कक्ष (ICR-ER), NDEM लाइट 2.0 मोबाइल ऐप और असम बाढ़ जोखिम क्षेत्रीकरण एटलस के सम्बन्ध में जानकारी साझा की।**




## मुख्य बिन्दु:

- **शुभारंभ : 16 जून, 2025**
- **आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए एकीकृत नियंत्रण कक्ष (ICR-ER) : यह अत्याधुनिक अवसंरचना, आपदा-प्रतिरोधी सुविधा है।**
- **राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन डेटाबेस (NDEM), संस्करण 5.0 : ICR-ER को समर्थन देने वाली प्रमुख तकनीकी में से एक राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन डेटाबेस (NDEM), संस्करण 5.0 है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **विकास :** इसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन - राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (ISRO-NRSC) ने विकसित किया है।
- **असम बाढ़ जोखिम क्षेत्रीकरण एटलस :** यह असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र द्वारा बाढ़ शमन प्रयासों में सहायता के लिए विकसित महत्वपूर्ण नियोजन उपकरण है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

**एकीकृत बाढ़ पूर्वानुमान प्रणाली ; C-FLOOD :**

- **शुरुआत :** 2 जुलाई, 2025
- **विकास :** सी-डैक, CWC और NRSC के सहयोग से विकसित यह वेब आधारित प्लेटफॉर्म गाँव स्तर पर दो दिन का अग्रिम बाढ़ पूर्वानुमान प्रदान करता है।
- **उद्देश्य :** संवेदनशील क्षेत्रों में तैयारी को बढ़ाना और बाढ़ के जोखिम को कम करना।
- यह परियोजना राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM) का हिस्सा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप: योजनाएँ और प्रोत्साहन

## चर्चा में क्यों?

- अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रोत्साहन से संबंधित जानकारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में दी।




## मुख्य बिन्दु:

- **अंतरिक्ष वेंचर कैपिटल (वीसी) फंड:** 1000 करोड़ रुपये का अंतरिक्ष वेंचर कैपिटल फंड स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य निजी निवेश को आकर्षित करना और अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना है।
- **विभेदक मूल्य निर्धारण नीति:** स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए मूल्य निर्धारण में विभेदक नीति अपनाई गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **प्रौद्योगिकी अंगीकरण कोष (टीएएफ):** 500 करोड़ रुपये का प्रौद्योगिकी अंगीकरण कोष स्थापित किया गया है, जो अंतरिक्ष क्षेत्र में नवाचार और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण को बढ़ावा देगा।
- **सीड फंड योजना:** स्टार्टअप्स और एनजीओ को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों और अनुप्रयोगों के विकास के लिए सीड फंड योजना के तहत 1 करोड़ रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जाता है।
- **तकनीकी केंद्रों की स्थापना:** निजी क्षेत्र को सक्षम बनाने के लिए तकनीकी केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं और मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।
- **इसरो से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण:** इसरो से निजी क्षेत्र को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण को सक्षम किया जा रहा है।
- **पृथ्वी अवलोकन प्रणाली की स्थापना:** सार्वजनिक-निजी भागीदारी के अंतर्गत पृथ्वी अवलोकन प्रणाली स्थापित की जा रही है।
- **नि:शुल्क तकनीकी सहायता:** इन-स्पेस द्वारा नियुक्त स्थानीय विशेषज्ञों के माध्यम से उद्योग को नि:शुल्क तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है।
- **उद्यमिता विकास कार्यक्रम:** स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए प्री-इन्क्यूबेशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।
- **राज्य सरकारों को सहायता:** अंतरिक्ष विनिर्माण क्लस्टर की स्थापना के लिए राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है और सामान्य तकनीकी सुविधाओं की स्थापना में मदद की जा रही है।
- **सैटेलाइट बस एज़ अ सर्विस (S-BAAS):** अंतरिक्ष यान के विकास के लिए 20 करोड़ रुपये का अनुदान चार भारतीय उद्योगों (स्टार्ट-अप्स सहित) को दिया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मिशन मौसम और प्रोजेक्ट मौसम

## चर्चा में क्यों?

- मिशन मौसम और प्रोजेक्ट मौसम से संबंधित जानकारी राज्य सभा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी।




## मुख्य बिन्दु:

### मिशन मौसम (पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय):

**उद्देश्य:**

- भारत को "मौसम-अनुकूल और जलवायु-स्मार्ट" राष्ट्र बनाना।
- विज्ञान, नवाचार, प्रौद्योगिकी और डेटा विज्ञान का उपयोग करके सामाजिक लाभ प्राप्त करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

मुख्य उद्देश्य:

- अवलोकनों को सुदृढ़ करना और उन्नत पृथ्वी प्रणाली मॉडल एवं डेटा-संचालित विधियों का विकास।
- पूर्वानुमान प्रसार को बेहतर बनाना और समाज के साथ प्रभावी संचार स्थापित करना।
- एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग कर मॉडल/डेटा एसिमिलेशन में सुधार करना।

सामाजिक लाभ:

- जनता को सटीक मौसम जानकारी प्रदान करना और हर व्यक्ति को पूर्व मौसम चेतावनी प्रदान करना।

**प्रोजेक्ट मौसम (संस्कृति मंत्रालय):**

उद्देश्य:

- हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को पुनर्जीवित करना।
- विश्व धरोहर स्थलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय नामांकन प्राप्त करना।

मुख्य लक्ष्य:

- विभिन्न देशों के साथ सांस्कृतिक परिदृश्य को पुनर्परिभाषित करना।
- यूनेस्को के लिए अद्वितीय क्रॉस कल्चर कन्वेंशन दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए नामांकन प्राप्त करना।

परियोजना गतिविधियाँ:

- **अनुसंधान:** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संभावित सूची प्रस्तावों का मसौदा तैयार किया गया है, जो मिस्र, ओमान, श्रीलंका, ईरान, और अन्य देशों के साथ संयुक्त धरोहर स्थलों से संबंधित हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **सम्मेलन और सेमिनार:** प्रोजेक्ट मौसम पर कई सम्मेलन, अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार और साइड इवेंट्स आयोजित किए गए हैं, जैसे कि "जलाधिपुरयात्रा" सम्मेलन।

**प्रमुख गतिविधियाँ:**

- **राष्ट्रीय सम्मेलन (7-8 अक्टूबर 2022):** 'जलाधिपुरयात्रा: हिंद महासागर के तटीय देशों में अंतर-सांस्कृतिक संबंधों की खोज' के तहत सम्मेलन आयोजित किया गया।
- **46वीं विश्व धरोहर समिति बैठक (26 जुलाई 2024):** इस बैठक के दौरान अंतर-सांस्कृतिक विरासत पर पैनल चर्चा हुई और एक डिजिटल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

**प्रमुख प्रस्तावित सूची:**

- **पेरिप्लस के निशान (एरिथ्रियन सागर):** मिस्र, ओमान, श्रीलंका, यमन, सोमालिया।
- **कांस्य युगीन समुद्री व्यापार नेटवर्क:** ईरान, ओमान, बहरीन, कुवैत।
- **प्रारंभिक बौद्ध धर्म स्थापत्य:** श्रीलंका, मालदीव, इंडोनेशिया, वियतनाम।
- **NOTE:** मिशन मौसम (पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय) एवं प्रोजेक्ट मौसम (संस्कृति मंत्रालय)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## शेंद्रा-बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र (एयूआरआईसी)

### चर्चा में क्यों?




- महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित शेंद्रा-बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र, जिसे औरंगाबाद औद्योगिक शहर (एयूआरआईसी) के नाम से जाना जाता है, ने हाल ही में हुई भूमि आवंटन समिति की बैठक में कई कंपनियों को औद्योगिक भूखंडों के आवंटन को मंजूरी दे दी है।

### मुख्य बिन्दु :





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**परिचय:**

- एयूआरआईसी (औरंगाबाद औद्योगिक शहर) भारत का पहला एकीकृत ग्रीनफील्ड स्मार्ट औद्योगिक शहर है, जिसे राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईडीसी) के तहत विकसित किया गया है।
- यह दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे (डीएमआईसी) के तहत विकसित किया जा रहा है।
- इस शहर को उत्कृष्ट बुनियादी ढाँचे, मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, डिजिटल प्रशासन, और पर्यावरण-अनुकूल औद्योगिक प्रथाओं के साथ डिजाइन किया गया है।
- निवेश आकर्षण और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए यह शहर तैयार किया जा रहा है।

**महत्त्व:**

- एयूआरआईसी को महाराष्ट्र औद्योगिक टाउनशिप लिमिटेड, (एमआईटीएल) द्वारा विकसित और प्रबंधित किया जा रहा है।
- एनआईडीसी और एमआईडीसी के सहयोग से यह क्षेत्र निवेश को बढ़ावा देने, व्यापार करने में आसानी, एकल खिड़की मंजूरी और उद्योग-संचालित विकास के लिए कार्य करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कृषि उत्पादकता को बढ़ाना

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री द्वारा लोकसभा में कृषि उत्पादकता को बढ़ाना संबंधी एक लेख साझा किया गया।




## मुख्य बिन्दु :

- **कृषि क्षेत्र में कार्यबल :** राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) जुलाई, 2023 से जून, 2024 के अनुसार भारत में 46.1% कार्यबल कृषि क्षेत्र में कार्यरत है।
- **GDP में योगदान:** राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी 2025 के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 17.8 प्रतिशत का योगदान दिया है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- **राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (NFSNM) :** कृषि क्षेत्र विस्तार और खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से 28 राज्यों और 2 संघ राज्य क्षेत्रों (जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख) में कार्यान्वित किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## पहला खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल (KIWSF)

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **21 से 23 अगस्त, 2025 तक डल झील, श्रीनगर (जम्मू - कश्मीर) में पहले खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल (KIWSF) का आयोजन किया गया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **उद्घाटन :** 21 अगस्त, 2025 को केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया द्वारा।
- **शुभंकर :** हिमालयन किंगफिशर से प्रेरित है, जो साहस, ऊर्जा और प्रकृति से गहरे जुड़ाव को दर्शाता है।
- **आयोजक :** भारतीय खेल प्राधिकरण और जम्मू-कश्मीर खेल परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित।
- **उद्देश्य :** जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना, आजीविका का सृजन करना और स्थानीय बुनियादी ढाँचे का कायाकल्प करना।
- **प्रतिस्पर्द्धाएँ :** 24 स्पर्धाएँ ; नौकायन, कैनोइंग, कयाकिंग, शिकारा स्प्रिंट, ड्रैगन बोट रेस और वाटर स्कीइंग आदि में।
- **प्रतिभागी :** 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 500 से ज़्यादा एथलीट।

**पदक तालिका :**

| स्थान | राज्य | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 st | मध्यप्रदेश | 10 | 3 | 5 | 18 |
| 2nd | उड़ीसा | 4 | 5 | 1 | 10 |
| 3rd | केरल | 3 | 1 | 3 | 7 |
| 4th | उत्तरप्रदेश | 2 | 0 | 1 | 3 |
| 7th | जम्मू -कश्मीर | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 18th | राजस्थान | 0 | 0 | 1 | 1 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- KIWSF, खेलों को बढ़ावा देने के लिए 2017-18 में शुरू की गई खेलो इंडिया पहल का एक हिस्सा है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**प्रमुख खिलाड़ी :**

- **मोहसिन अली :** कश्मीर के मोहसिन ने पुरुषों की 1000 मीटर कयाकिंग स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता।
- **विशाल कुमार :** उत्तर प्रदेश के विशाल कुमार ने पुरुषों की 1000 मीटर कैनोइंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- **रश्मिका साहू :** उड़ीसा की रश्मिका साहू ने महिला वर्ग की 1200 मीटर कैनोइंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

**खेलो इंडिया :**

- **शुरुआत :** वर्ष 2017-18 में नई दिल्ली में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स के साथ हुई थी।
- **नाम परिवर्तन :** वर्ष 2018 में भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) के शामिल होने के बाद, खेलों का नाम बदलकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स कर दिया गया।
- **पहला संस्करण :** वर्ष 2019 में पुणे में आयोजित किया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- 17 से 24 अगस्त, 2025 तक बुल्गारिया के समोकोव में अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया।




## ➲ मुख्य बिन्दु :

- यह तीन स्पर्धाओं पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको-रोमन और महिला फ्रीस्टाइल के लिए पदक प्रतियोगिताएं थी।

**भारत का पहला पदक :**

- **महिला वर्ग :** तपस्या ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता।
- **पुरुष वर्ग :** सुमित मलिक ने पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।
- **भारत का प्रदर्शन :** कुल 9 पदक (2 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य पदक)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| भारतीय पहलवान | स्पर्धा | पदक |
|---|---|---|
| तपस्या गहलावत | वूमेंस फ्रीस्टाइल 57 किग्रा | स्वर्ण पदक |
| काजल | वूमेंस फ्रीस्टाइल 72 किग्रा | स्वर्ण पदक |
| सुमित मलिक | मेंस फ्रीस्टाइल 57 किग्रा | रजत पदक |
| सृष्टि | वूमेंस फ्रीस्टाइल 86 किग्रा | रजत पदक |
| रीना | वूमेंस फ्रीस्टाइल 55 किग्रा | रजत पदक |
| प्रिया मलिक | वूमेंस फ्रीस्टाइल 76 किग्रा | रजत पदक |
| सारिका | वूमेंस फ्रीस्टाइल 53 किग्रा | कांस्य पदक |
| श्रुति | वूमेंस फ्रीस्टाइल 50 किग्रा | कांस्य पदक |
| सूरज वशिष्ठ | ग्रीको रोमन 50 किग्रा | कांस्य पदक |

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2024 :** स्पेन में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत ने कुल 7 पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य पदक) जीते जिसमें ज्योति बेरवाल ने महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था।
- **अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 :** भारतीय महिला पहलवानों ने कुल 5 पदक (2 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कांस्य पदक) हासिल किए थे।
- **अंडर 23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 :** भारत ने कुल 8 पदक (4 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक) जीतकर इस प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 16 वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 : अनंतजीत सिंह नरुका

### चर्चा में क्यों?

- **20 अगस्त, 2025 को भारत के अनंतजीत सिंह नरुका ने कज़ाकिस्तान के श्यामकेंट में चल रही एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में कुवैत के मंसूर अल रशीदी को हराकर स्वर्ण पदक जीता।**




### मुख्य बिन्दु :

- **सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह : सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में चीनी ताइपे की टीम को हराकर कांस्य पदक जीता।**
- **भारत का अब तक का प्रदर्शन : भारत तीसरे दिन के अंत तक कुल 19 मेडल के साथ मेडल टैली में शीर्ष पर है, जिसमें 9 गोल्ड, 5 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **गगनयात्रियों का सम्मान**<br><br><br>♦ **24 अगस्त, 2025 को रक्षा मंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में इसरो के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान मिशन, गगनयान के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्रियों, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन PB नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को सम्मानित किया।** |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**2.**

## अनीश दयाल सिंह



- नई दिल्ली CRPF और ITBP के पूर्व डीजी अनीश दयाल सिंह को आंतरिक मामले संभालने के लिए नया उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी NSA) नियुक्त किया गया।
- अनीश जम्मू-कश्मीर, नक्सल और पूर्वोत्तर उग्रवाद सहित देश के आंतरिक मामलों के प्रभारी होंगे। मणिपुर कैडर के वर्ष1988 बैच के IPS अधिकारी अनीस दयाल सिंह दिसंबर, 2024 में सेवानिवृत्त हुये थे।

**3.**

## पट्ट ग्रामम / संगीत ग्राम : वालमुट्टी गाँव (केरल)

- गायन और संगीत कला के कारण केरल के पलक्कड़ जिले के वालमुट्टी गाँव को चित्तूर-थातामंगलम महानगरपालिका ने आधिकारिक रूप से पट्ट ग्रामम यानी संगीत ग्राम घोषित किया है।
- केरल में पहली बार किसी गाँव को ऐसा खिताब मिला है। अब गांव को पट्ट ग्रामम के नाम से ही जाना जाएगा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**4.**


## रामबाई




- **हरियाणा की 107 वर्षीय एथलीट रामबाई ने 100 वर्ष की उम्र में दौड़ शुरू की तथा अब तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 200 मेडल जीत चुकीं।**
- **खेल : दौड़, शॉट पुट व डिस्कस थ्रो।**
- **वर्ष 2024 में हैदराबाद में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था।**

**5.**

## CISF की पहली महिला कमांडो इकाई



- **केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए पहली पूर्णतः महिला कमांडो इकाई का गठन किया है।**
- **CISF का लक्ष्य महिलाओं के प्रतिनिधित्व को 10% तक बढ़ाना है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 6. अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव, 2025 की मेजबानी : श्रीलंका



- **आयोजन : 24 अगस्त, 2025 को कोलंबो, श्रीलंका में अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया।**
- **आयोजक : डेराना मीडिया नेटवर्क और श्रीलंका पर्यटन संवर्धन ब्यूरो द्वारा।**
- **प्रतिभागी : इस कार्यक्रम में 25 देशों के प्रतिभागियों द्वारा।**
- **यह महोत्सव कोलंबो डेस्टिनेशन ब्रांडिंग परियोजना के तहत आयोजित किया गया।**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **7.** | **किलाउआ ज्वालामुखी : हवाई द्वीप**<br><br>♦ **हाल ही में, हवाई द्वीप पर स्थित किलाउआ ज्वालामुखी में दिसंबर, 2024 के बाद से 31वाँ विस्फोट हुआ, जिसने किलाउआ को विश्व का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी बना दिया।**<br>♦ **किलाउआ के विस्फोट हेलेमौमाऊ क्रेटर में हो रहे हैं, जो हवाई ज्वालामुखी राष्ट्रीय उद्यान का हिस्सा है।** |
| **8.** | **सर्जियो गोर**<br><br>♦ **अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत और दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत नियुक्त करने की घोषणा की है।**<br>♦ **गोर, एरिक गार्सेटी का स्थान लेंगे, जिन्होंने 11 मई, 2023 से 20 जनवरी, 2025 तक राजदूत के रूप में कार्य किया।**<br>♦ **गार्सेटी के पश्चात् 20 जनवरी, 2025 से अंतरिम प्रभारी जॉर्गन के एंड्रयूज भारत में अमेरिकी दूतावास का नेतृत्व कर रहे हैं।** |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR